हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री


11 बाबा ने समाज को सत्य, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया...





12 तीन दिव्यांग जोड़ों की निकली बारात, थामा जीवनसाथी का हाथ






## खबर संक्षेप

### मुजगहन में 30 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 दिसम्बर को परंपरागत रूप से मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनभर सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न होंगी। शाम को सांस्कृतिक दल राग अनुराग कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी।

### बिरेझर में जयंती मड़ई कल

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में इस वर्ष भी सतनामी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती पर 30 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए अंजोरी रात पंचराम बिरझा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष बुधारू गहिवारे ने दी है।

### 6 को जवरगांव मड़ई

**धमतरी।** ग्राम जवरगांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए साल्हेटोला का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुनील नेताम, सरपंच लीलाराम साहू, दूजराम साहू ने दी।

### कोर्रा में मड़ई 16 को

**बगदेही।** ग्राम पंचायत कोर्रा में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को किया गया है। आकाश झूला, मीना बाजार आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहेंगे। रात्रि में कसावाही का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच सरपंच यमुना कामड़े ने दी।

### अटल स्मृति दिवस 30 को

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 दिसंबर को दोपहर 1 बजे गांधी चौक सांकरा में होगा। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा प्रभारी शालिनी राजपूत, सरला जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस होंगे। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा तथा उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में कमल डागा संयोजक, बलजीत छाबड़ा, संजय मरकाम, रोहित मोहन साहू अध्यक्ष, दीपक साहू, मोनू साहू जुटे हैं।

कई दुकानों से आ चुकी है शिकायत, पर अब तक नहीं हुई है ठोस कार्रवाई

# शराब में मिलावट का खेल, प्रदर्शन के बाद खुल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मिलावटी शराब को लेकर युकां के प्रदर्शन के बाद एक के बाद एक शराब दुकानों की पोल खुल रही है। सोरम, हटकेशर, दानीटोला सहित अन्य शराब दुकानों में भी मदिराप्रेमी पहले भी मिलावट की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई दबाव नहीं होने के कारण इन दुकानों में न कोई कार्रवाई हुई है और न ही सेंपलिंग।

शराब में मिलावट की शिकायत लगातार मिलती रहती है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी ने मजबूती से आवाज नहीं उठाई थी। शनिवार को युवा कांग्रेस ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया। वे रत्नाबांधा स्थित शराब





दुकान पहुंचे और वहां पर औचक निरीक्षण किया। शराब लेने वालों से बॉटल लेकर चेक किया। शराब दुकान के कर्मचारियों से जानकारी ली। शराब में मिलावट का अंदेशा होने पर दुकान में ही उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद वहां पर आबकारी विभाग की टीम पहुंच गई और शराब की सेम्पलिंग की गई। सेम्पल के तौर पर ली गई शीशियों को सोमवार को शिकायतकर्ताओं के समक्ष खोला जाएगा और इसकी जांच की जाएगी।

प्रदर्शन करने वालों में गीतराम सिन्हा, मोनू साहू, राकेश मौर्य, राहुल ध्रुव, अविनाश मरोठे, सूरज पासवान, आशीष शर्मा, उमेश साहू, चिंटू, मानिक साहू, पवन यादव आदि शामिल थे।

### लिखित में हुई शिकायत

युकांइयों ने शराब मिलावट की लिखित शिकायत भी की है। उन्होंने शिकायत की है कि 27 दिसंबर को उन्होंने शराब की जांच करने के लिए मसाला का पौवा खरीदा। शीशी के ढक्कन से शराब लीक हो रही थी। सेल्समेन की जगह सफाईकर्मी से शराब बिक्री कराई जा रही थी। अन्य लोगों द्वारा खरीदी गई शराब की बोतलों की जांच की, इसमें भी गड़बड़ी मिली। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि शराब में पानी और रंग मिलाया जा रहा है। शराब पहले से सेहत के लिए खराब है। मिलावट से और खतरनाक बन गई है।

### पहले भी मिली थी गड़बड़ी

शराब में मिलावट और गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है। कुछ साल पहले रांवा शराब दुकान में अमानक शराब पाई गई। रांवा के सभी कर्मचारियों को हटा दिया गया। उस वक्त कुछ अन्य शराब दुकानों में भी अमानक शराब मिली थी। सभी जगह पर अमानक शराब को सील किया गया था, लेकिन सील की गई शराब अब कहां है, इका कोई अता-पता नहीं है। इससे पहले भी शराबप्रेमी अमानक और मिलावटी शराब की शिकायत लगातार करते आ रहे थे, लेकिन उनकी आवाज को हर बार अनसुना किया गया।

### यहां भी खुली थी पोल

कुछ माह पहले सोरिद के एक व्यक्ति ने मसाला शराब खरीदी थी। इस शराब की शीशी में मसाला की जगह प्लेन शराब का ढक्कन लगा था। इस मामले की भी जांच हुई थी। धर्मेंद्र पटेल कई बार हटकेशर शराब दुकान में भी शराब में मिलावट की शिकायत कर चुके हैं, पर उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। सोरम, सोरिद, बठेना, बस स्टैंड सहित अन्य शराब दुकानों में मिलावट की शिकायत हो चुकी है।

## भाजयुमो ने फूंका भूपेश-सिंहदेव का पुतला

■ कांग्रेस नेताओं ने साधु-संतों और सनातन संस्कृति पर की थी टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साधु-संतों और सनातन संस्कृति पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सोमवार को गांधी मैदान में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर आक्रोश जताया।

प्रदर्शन में भाजयुमो के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व बार-बार धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को आहत करने वाले बयान देकर समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि सनातन संस्कृति देश की पहचान और आत्मा है, जिसके संरक्षण में साधु-संतों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी



करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट है और इसके लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। माफी नहीं मांगने की स्थिति में भाजयुमो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल ने कहा कि युवाओं को गुमराह करने के उद्देश्य से सनातन परंपराओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजयुमो का हर कार्यकर्ता संस्कृति और परंपरा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

महामंत्री जय हिंदूजा ने कहा कि सनातन संस्कृति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता को जोड़ने वाली विचारधारा है। इसका अपमान समाज को विभाजित करने वाला है और इसके खिलाफ जनआंदोलन आवश्यक है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के पोस्टर व पुतले जलाकर विरोध दर्ज कराया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर राहुल चोपड़ा, निशा वैष्णव प्रदेश कन्याशक्ति सहसंयोजिका, अविनाश दुबे सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सुभाष चंद्राकर, धर्मवीर साहू, सुभाष यादव, मनीष साहू, भूषण सिन्हा, युवराज मरकाम, गजेंद्र जांगड़े, जितेश सिन्हा, खिलेश सिन्हा, आदित्य भोंसले, राम सोनी, अतुल साहू, रिंकू यादव, मिथिलेश सिंह, आयुष दीवान, राजीव चंद्राकर, भागवत साहू, इंद्रेश देवांगन, गोपाल साहू, अतुल, देवेंद्र ध्रुवंशी, वीरेंद्र साहू, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले के 300 अनियमित कर्मचारी आंदोलन में होंगे शामिल

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ जिला इकाई धमतरी ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार साहू ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक जिले के लगभग 300 अनियमित कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में 11 सूत्रीय मांगों के तहत कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग प्रमुख है। प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले व प्रदेश महामंत्री विकास तिवारी के निर्देशानुसार प्रदेश के लगभग 2.80 लाख अनियमित कर्मचारी आंदोलन में भाग लेंगे।

## नए साल के स्वागत में गंगरेल पर्यटन में मनेगा जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

न्यू ईयर पर सेलिब्रेशन पार्टी की धूम गंगरेल पर्यटन में मचेगी। सन 2026 का स्वागत और 2025 की विदाई के लिए बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के सारे कॉटेज बुक हो चुके हैं। वहीं टेंटहाउस की बुकिंग जारी है। नए साल के जश्न में अंतर्राज्यीय कपल के साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों से युगल बुकिंग करा रहे हैं। सेलिब्रेशन पार्टी में सिंगल पर्सन की नो एंट्री है।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट गंगरेल के मैनेजर सुमंत सिंग ने बताया कि न्यू ईयर 2026 सेलिब्रेशन पार्टी की तैयारी रिसोर्ट में जोर-शोर से की जा रही है। रिसोर्ट को लाइट डेकोरेशन के साथ सजाया जा रहा है। रिसोर्ट में वुडन काटेज उपलब्ध नहीं है। टेंट हाउस की बुकिंग अंतिम दौर पर है। टेंट में नाइट ठहरने और पार्टी सेलिब्रेशन का चार्ज 14999 रुपये है। वाल्किंग कपल के लिए पार्टी सेलिब्रेशन का चार्ज 4999 रूपये रखा गया है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी में सिर्फ फैमिली एलाउड है। सिंगल पर्सन को एलाउड नहीं किया जाएगा।

### बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के सारे कॉटेज हुए बुक



### थर्टी फर्स्ट पार्टी अट्रैक्शन

न्यू सेलिब्रेशन पार्टी में विविध आकर्षक कार्यक्रम होंगे। मैनेजर सुमंत सिंग ने बताया कि पार्टी का जश्न रात 8 बजे बुधवार को शुरु होगा जिसमें चकाचौंध कर देने वाली आतिशबाजी, बालीवुड डीजे नाइट, गाना सुनते-सुनते स्वादिस्ट लजीज भोजन का आनंद, लकी ड्रा एवं गिव वे, बोन फायर एंड गेम्स के अलावा किट जोन की व्यवस्था रहेगी।

### होटल-ढाबों में न्यू ईयर का दौर समाप्त

कोरोनाकाल से पहले शहर तथा आसपास के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया जाता था। अब इन स्थानों में नए साल का जश्न वाला दौर खत्म हो गया है। साहेब स्वादी शहंशाह के संचालक अरूण साहेब बताते हैं कि नए साल में उनके रेस्टोरेंट में कोई विशेष कार्यक्रम नहीं है। ज्योतिकुंज ढाबा के संचालक ने कहा कि थर्टी फर्स्ट सेलिब्रेशन को लेकर कोई खास आयोजन नहीं किया जा रहा है। नये साल में स्थानीय रेस्टोरेंट, ढाबों में जश्न, पार्टी का समय नहीं रहा। अब लोग पर्यटन स्थलों की ओर रूख करते हैं।

### धार्मिक स्थल एवं हिल स्टेशनों में जाने की तैयारी

शहर से कई परिवार धार्मिक स्थलों एवं पहाड़ी क्षेत्र के टूर के लिए प्रोग्राम बना चुके हैं। हाउसिंग बोर्ड हटकेशर निवासी सिन्हा दंपति ने नए साल पर बालाजी के दर्शन के लिए आंध्रप्रदेश जाने की तैयारी कर ली है। सोमवार को वे रवाना हो जाएंगे। सोरिद निवासी अमित कुमार अपने परिवार के साथ हिल स्टेशन उटी के लिए रवाना हो रहे हैं। इसी तरह शहर से कई परिवार ने नए साल पर विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए प्रोग्राम बना लिया है।






## चलता ट्रक बना आग का गोला, ड्राइवर व क्लीनर ने कूदकर बचाई अपनी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद थाना इलाके के भोथली रोड पर चलते ट्रक में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि चंद मिनटों में ही ट्रक आग के शोलों में तब्दील हो गया। ट्रक चला रहे ड्राइवर और पास में बैठे कंडक्टर ने किसी तरह से गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। अगर चंद मिनट की भी देर ड्राइवर और क्लीनर ने की होती तो दोनों की जान खतरे में पड़ जाती।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर और क्लीनर अपनी गाड़ी को लेकर भोथली रोड से गुजर रहे थे तभी उनकी गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा। जब तक ड्राइवर और क्लीनर कुछ समझ पाते, इंजन से आगे की लपटें बाहर आने लगी। ड्राइवर ने किसी तरह गाड़ी को काबू किया और ब्रेक लगाते ही गाड़ी से कूद गया। ट्रक में आग कैसे लगी, अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट से गाड़ी में आग पकड़ी होगी। ट्रक में आग लगने की खबर आनन-फानन में लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी। थोड़ी ही देर में फायर फाइटर की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल टीम ने तत्काल जलते ट्रक पर पानी की बौछार करनी शुरू कर दी। चंद मिनटों में ही आग पर काबू पा लिया गया। जिस जगह पर ट्रक में आग लगी थी वहां पर कई और गाड़ियां मौजूद थी। पास ही बिजली के खंभे और वायर भी थे। गनीमत रही कि आग गाड़ियों और बिजली के तारों तक नहीं पहुंची। अगर दमकल की टीम थोड़ी भी देर करती तो आग बेकाबू होकर दूसरी गाड़ियों तक पहुंच सकती थी। फायर फाइटर की टीम जब तक आग पर काबू पाती तब तक ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से जल चुका था।




## खबर संक्षेप

### नरहरपुर में जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई। मर्ग की जाँच के बाद चालक पर मामला दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसीराम मंडावी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 वी 2296 से मनीराम के खेत में नांगर जोताई (मताई) करने गया था। खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर अचानक कीचड़ में फंस गया। ट्रैक्टर को बाहर निकालने के प्रयास में वह असंतुलित होकर पलट गया। इस दौरान चालक तुलसी राम ट्रैक्टर के स्टीयरिंग और हल के बीच दब गया, जिससे उसकी छाती में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल द्वारा थाना नरहरपुर को मौत होने की जानकारी दिया, जिसके आधार पर मर्ग क्रमांक 107/2025 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम किया गया।

## निधन

### पुन्नीबाई निषाद

**मगरलोड।** ग्राम दोनर निवासी पुन्नी बाई निषाद का 27 दिसंबर शनिवार को निधन हो गया। वे रामकुमार निषाद, भारत निषाद की बुआ थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### ग्रामीण हल्बा समाज ने छिपली एवं सामतरा में मनाया बलिदान दिवस

# गैंदसिंह का त्याग सर्व समाज के लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्रामीण हल्बा समाज छिपली एवं सामतरा द्वारा देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद गैंद सिंह नायक का बलिदान दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के पुरुषों, महिलाओं एवं युवाओं ने गांव की गलियों में शहीद गैंद सिंह नायक अमर रहे के जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने उद्बोधन में कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी पहले गैंदसिंह नायक ने अंग्रेजी गुलामी और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई थी। बस्तर के आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर शहीद गैंदसिंह नायक का बलिदान हम सभी को देश सेवा और समाज हित के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका त्याग सर्व समाज के लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हृदय साहू, कमल डागा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकनाथ देव, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच घेवर साहू, ग्राम पटेल मनहरण साहू, शेषनारायण देव, ओमप्रकाश देव, त्रिभुवन बिसेन, नकुल सोम, विजय बिसेन व सामतरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा, सरपंच कन्हैया नाग, ओमप्रकाश सोम, झम्मन कश्यप, दिनेश चिंडा, पारस चिंडा, बीरसिंग चिंडा, इंदुबाई, अभिमन्यु चिंडा, महादेव सोम, कमलेश्वरी सोम, रिद्धि देव, नारूपा देव, कलियाबाई कश्यप, कृष्णाबाई चिंडा शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र देव एवं गोविंदा सोम ने किया।

## पीएससी में चयनित युवाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा छत्तीसगढ़ लोक आयोग में चयनित देवेंद्र साहू डिप्टी कलेक्टर, गौरव साहू सहायक संचालक, वैभवी साहू महिला बाल विकास, चंद्रभान साहू आबकारी उपनिरीक्षक समेत सेवानिवृत्त तथा नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अराधना साहू द्वारा स्वागत गीत एवं बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। चयनित अधिकारियों ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इस पर जानकारी दी। दीनानाथ साहू संरक्षक राजिम तेलीन मंदिर समिति ने सामाजिक एकता एवं खानपान पर जानकारी दी। एएल बनपेला, कंवल साहू ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्ष लोमश साहू ने कार्यक्रम के अतिथि अरुण सार्वा, हृदय साहू, पुनीतराम साहू, योगेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू, एमएल साहू, प्रकाश साहू, गौतम साहू, सेवानिवृत्त अरुण साहू, मदन नाग का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पदुमलाल साहू, यशपाल साहू ने किया।



## अभा हल्बा समाज ने सांकरा में शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सांकरा के हाईस्कूल मैदान में अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज द्वारा शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया गया। ग्राम मंचीय कार्यक्रम के पूर्व आदिवासी हल्बा समाज की ईष्टदेवी मांई दन्तेश्वरी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, श्रीमती पिंकी शाह, अजजा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी, सरपंच नागेन्द्र बोरझा सांकरा, सरपंच नवागांव नगीना सोम, सरपंच रिसगांव चन्द्रकुमार अग्रवानी, सरपंच बोड़रा शत्रुघन नाग, सरपंच मल्हारी दिलीप सोम, मगियाराम चनाप, हल्बा समाज अध्यक्ष टेमनसिंह कश्यप, सचिव नत्थेराम बिसेन, कोषाध्यक्ष दिलीप सोम, कृपाराम नाग, गिरवर भंडारी, खूबचंद भंडारी, देवीशरण मरकाम, युवा अध्यक्ष राजेंद्र नाग, हरि भंडारी, नरेंद्र नाग, संजू श्रीमाली, मनोज कश्यप, रुपसिंह बोरझा सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंवरी में दो दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का समापन

## घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश : तारिणी



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम अंवरी में दो दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि तारिणी चन्द्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी थीं। अध्यक्षता सरपंच हितेन्द्रनाथ मंडल ने की। विशेष अतिथि मनोज बंजारे उपाध्यक्ष छग भीमआर्मी, संजय सारंग, सेवकराम तारक, लोमस पाल, कुजंबिहारी पाल, मूलचंद चंदेल, ललित नगारची, गैंदलाल पटेला, उदयचरण बंजारे, परसराम निर्मलकर, कुलजंन ठाकुर थे। मुख्य अतिथि तारिणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया और मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैली कुरुतियों को दूर किया। हम सबको उसके बताये हुए रास्ते पर चलाना चाहिए। मनोज बंजारे ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एक महान समाज सुधारक थे जिन्हें अपने जीवनकाल में गरिबों, दलितों और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए काम किया था। रामस्वरूप साहू ने कहा कि बाबा घासीदास दास सभी समाज के एक मार्गदर्शक थे।



### अमलीडीही में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

## भगवान कृष्ण की बाल लीला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

अमलीडीही (कुर्रा) में श्री राधारानी समूह द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 दिसंबर तक किया गया है। कथावाचिका रेणुका गोस्वामी ग्राम लेवई भाटापारा हैं।

श्री राधारानी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती निराशा बाई यादव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर को कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। द्वितीय दिवस 21 दिसंबर को सुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म की कथा बताई गई। 22 को कली अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा, 23 को जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 24 दिसंब को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, श्रीराम कथा, कृष्ण जन्म कथा, 25 दिसंबर को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए गांव के यादव भाइयों ने पूरी साज सज्जा के साथ राउत नाचा, दही लूट, मटका फोड़ एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रदर्शन किया। बाल लीला देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कथा सुनने समूह की उपाध्यक्ष हेमा साहू, सचिव तिलेश्वरी साहू , नीतू साहू कोषाध्यक्ष, दामिनी साहू संरक्षक, प्रेमचंद, केसरी, प्रीतम, निलेश्वरी, रुक्मणि समेत श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सिहावा प्रीमियर लीग-56 में 10 टीमें लेंगी भाग

- कुल 130 खिलाड़ी क्रिकेट महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे, चयन ऑक्शन प्रक्रिया से होगा

**नगरी।** नगरी क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए सिहावा प्रीमियर लीग-56 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मॉर्निंग क्लब नगरी के तत्वावधान में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट में प्रवेश की तिथि 30 दिसंबर है। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, जिनमें प्रत्येक टीम में 13 खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 130 खिलाड़ी इस रोमांचक क्रिकेट महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे। प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपए दिए जायेंगे। प्रवेश शुल्क 500 रुपए है। स्पॉन्सर शुल्क 5000 रुपए रखा गया है। खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया से होगा। प्रतियोगिता में केवल सिहावा विधानसभा क्षेत्र-56 के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को समिति की ओर से टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। यदि किसी खिलाड़ी को नीलामी में कोई टीम नहीं मिलती है, तो उसकी 50% राशि वापस की जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारी में कमल नारायण साहू, हेमन देवांगन समेत आयोजक मंडल जुटा है।

## टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का खिताब चिटौद ने जीता

- फाइनल मैच में आनंदपुर की टीम को हराया, मिला 20001 रूपये का नगद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विश्रामपुरी में किया गया जिसमें ग्राम चिटौद की टीम विजेता एवं आनंदपुर की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में ग्राम आनंदपुर की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

फाइनल मुकाबला ग्राम चिटौद एवं ग्राम आनंदपुर के बीच खेला गया जिसमें चिटौद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। आनंदपुर की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया जो सही साबित नहीं हुआ। चिटौद टीम के ओपनर सुरेश यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक की पारी खेली। उन्होंने 60 रनों का योगदान दिया। मोनू पटेल ने भी उनका बखूबी साथ निभाया । उन्होंने भी 30 रनों का योगदान दिया। इसके बाद प्रदीप नेताम ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 5 गेंद पर तीन छक्कों की मदद से 20 रनों का योगदान दिया। चिटौद की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 118 रन बनाकर आनंदपुर की टीम को 119 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आनंदपुर की टीम ने 7 ओवर में 85 रन ही बना पाई और चिटौद की टीम ने 33 रनों से खिताब जीत लिया। चिटौद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें 20001 रूपये नगद प्रदान किया। द्वितीय स्थान पर रही आनंदपुर की टीम को 10,001 रूपये दिए गए। तीसरे स्थान पर मारी एवं चतुर्थ स्थान पर विश्रामपुर की टीम रही।



प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण जनपद सदस्य जंयती हेमराज ध्रुव के मुख्य आतिथ्य, सरपंच दीपक ध्रुव की अध्यक्षता, उपसरपंच निरजंन कोर्राम, प्रेमलाल नेताम, नीराबाई नेताम, ललिता मंडावी, संतराम, रवि नेताम, तामरस उईके, शिवलाल कोर्राम के विशेष आतिथ्य में हुआ।

## अंचल की खबरें

### कुल्हाड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद



**जीजामगांव।** ग्राम कुल्हाड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनाई गई। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता, पंचायत पदाधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कोसमर्रा में मनाया गया सुशासन दिवस




**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। प्राचार्य डीएल, साहू, वासुदेव सोनबेर, पुष्पेन्द्र गुरु, संतोष जगताप व्याख्याता, हरिश्चंद्र नेताम, उत्तरा गंजीर ने श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। युक्तिका एवं तारिणी ने वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके कार्यकाल को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य डीएल साहू ने कहा कि दृढ़ विश्वास, कठोर परिश्रम, और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले अटल जी को पूरा देश हमेशा याद रखेंगे। श्री जगताप ने कहा कि अटलजी के विचार, आदर्श और राष्ट्र भक्ति हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान निबंध, भाषण, कविता, रंगोली, प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन वासुदेव सोनबेर ने किया।

### मन की बात जनसंवाद का सशक्त माध्यम



**नगरी।** 28 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मोदे बूथ क्रमांक 172 में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। मौके पर जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल डागा, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, सखाराम कश्यप, शत्रुघन कश्यप, सुरेश कश्यप, डोमार सोम, भागीरथी कश्यप एवं पीताम्बर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसमूह ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू ने कहा कि मन की बात केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसंवाद का सशक्त माध्यम है, जो हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश बताया।

### पंचायत भृत्य संघ ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना



**सांकरा।** ग्राम पंचायत भृत्य संघ द्वारा ग्राम पंचायत घठुला के भृत्य कर्मचारी वासुदेव मरकाम की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता मरकाम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दुःखद अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोकाकुल परिवार के निवास स्थान पर पहुंचकर भेंट-मुलाकात की तथा परिवार को ढांढस एवं सांत्वना दी। संघ की ओर से मृतक परिवार को सहयोग स्वरूप कुछ आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रुपेश पटेल, सचिव देवचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर सहित रामसिंह यादव, टिकेश्वर नेताम, लंकेश्वर कुंजाम, सोमन यादव एवं धनीराम मरकाम उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सशिमं मड़ईभाठा में राष्ट्रीय गणित दिवस मना

**कोर्रा(भखारा)।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गणित से संबंधित विविध प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने गीत, भाषण, गिनती, पहाड़ा तथा उल्टी गिनती का वाचन कर अपनी गणितीय दक्षता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रों ने आकर्षक गणितीय मॉडल, चार्ट, चित्र एवं रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सबके सामने प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को गणित का महत्व बताया। आचार्य जितेंद्र साहू ने श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके गणित के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की जानकारी दी।

## रासेयो से नेतृत्व क्षमता का विकास : बृजभान

- डोमा में रासेयो का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर डोमा में जिला संगठक निरंजन साहू, प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर के मार्गदर्शन में सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशामुक्त समाज के लिए युवाओं की भूमिका थीम पर आयोजित है।



शिविर का शुभारंभ गुंजन साहू सरपंच ने किया। विशेष अतिथि दयालाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बृजभान साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, मोतीलाल नगारची पूर्व सरपंच, यशवंत साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, महेंद्र मानिकपुरी योगाचार्य थे। अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी श्री सोनबेर ने की। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। दयालाल साहू ने कहा कि आप लोग परिवार को छोड़कर सात दिन तक तपस्वी बनकर अपने जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। बृजभान साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से नेतृत्व विकास होता है। मोतीलाल नगारची ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समय प्रबंधन सिखाती है। यशवंत साहू ने कहा कि सात दिवसीय गतिविधियां छात्रों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन लाती है। योगाचार्य महेंद्र मानिकपुरी ने कहा कि प्रतिदिन सुबह योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। रासेयो से जुड़कर चरित्र का निर्माण होता है।

मौके पर शिक्षिका उत्तरा गंजीर, मालती सोनबेर, चित्रा साहू, शिविर नायक शैलेन्द्र साहू, शिविर नायिका तारिणी साहू, विभाग प्रमुख झामेश्वरी बैस, गीतांजलि, जागृति, लक्ष्मी, समीक्षा, टमेश्वरी,सुधीर, तन्मय, गिरिराज समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### स्व. अटल के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**अंवरी।** सेजेस भखारा में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर अटल सुशासन दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, शाला के प्राचार्य चौधरी, जनभागीदारी अध्यक्ष ईश्वर साहू एवं जितेन्द्र साहू ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन दर्शन, सुशासन की अवधारणा और उनके प्रेरणादायी विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटलजी का जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति और समर्पण का प्रतीक रहा है, जो आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थियों ने भी अटलजी को स्मरण करते हुए उनके विचारों पर अपने भाव व्यक्त किए और प्रेरक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर ममता चंद्राकर, डुमेंद्र गंगबेल, भूपेंद्र यादव, शिक्षक गोस्वामी सहित पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शोक संतप्त परिवार को दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत शहीद धर्मेंद्र साव वार्ड निवासी सावित्री साहू पति चुन्नीलाल साहू के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत की वार्ड पार्षद अल्का साव ने शोक संतप्त परिजनों से भेंटकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पार्षद अल्का साव द्वारा मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत 2000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा नगर परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। परिजनों ने इस सहयोग और संवेदना के लिए पार्षद अल्का साव के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वीर बाल दिवस पर अंबेडकर वार्ड में हुए विविध आयोजन



**धमतरी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर अंबेडकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद कुलेश सोनी ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को अदम्य साहस, अद्भुत शौर्य और अलौकिक वीरता का साक्षात उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में ऐसा अनुपम बलिदान दुर्लभ है, जहां कर्तव्य और राष्ट्र रक्षा के लिए पूरा परिवार समर्पित हो गया। यह बलिदान आज भी देशवासियों को राष्ट्र प्रेम और मातृभूमि की रक्षा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, कला एवं पेंटिंग प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंद्रभागा साहू, प्रियंका साहू, किरण गौतम, जानकी साहू, रितिका साहू एवं रोशनी यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन ने बच्चों में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का कार्य किया।

### सार्थक स्कूल ने मनाई क्रिसमस की खुशियां



**धमतरी।** सार्थक स्कूल में क्रिसमस का पर्व विशेष बच्चों के साथ हर्षोल्लास, प्रेम और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सार्थक स्कूल के छात्र निखिल जैन सांता क्लॉज की आकर्षक वेशभूषा में बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने झूमते-नाचते अपनी झोली में लाए केक और चॉकलेट सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक वितरित करते हुए मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएँ दीं। उपहार पाकर बच्चों ने प्रसन्नता से थैंक्यू कहा और तालियों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। क्रिसमस के आनंद को और अधिक जीवंत बनाते हुए बच्चों ने क्रिसमस गीत "छन छन घंटी बजती है पर नृत्य किया। विद्यालय परिसर को क्रिसमस ट्री, टेडी बियर एवं रंग-बिरंगी सजावट से सुंदर ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण आनंद और उमंग से भर उठा। इस अवसर पर सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी, सचिव स्नेहा राठौड़, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, कौशल्या यादव, काजल रजक, सुनैना गोड़े, सुभाष मलिक, प्रेमबती साहू, शकुंतला सोनी, सविता शेख एवं शकीला कौशल ने बच्चों के साथ मिलकर नृत्य किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

### सोरिद भरीपारा में भागवत कथा प्रारंभ





**धमतरी।** भरीपारा सोरिद वार्ड में साहू परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। भागवत कथा का प्रारंभ शनिवार दिसंबर से हुआ है। प्रवचनकर्ता भागवताचार्य पं. मनोज दुबे हैं। कलशयात्रा, घट स्थापना, वेदीपूजन, गणेश स्थापना, गौकरण, महामत्य्य से धार्मिक आयोजन प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस भागवताचार्य मनोज दुबे ने मंगलाचरण, श्री सुकदेव प्राकट्य, परीक्षित जन्म के प्रहसन पर भगवान की लीलाओं से श्रोताओं को अवगत कराया। भगवान की लीला के प्रहसन के साथ भजन मंडलियों ने सुमधुर संगीत से भक्तों को भाव-विभोर किया। 28 दिसंबर को सृष्टि वर्णन, मनु सतरूपा चरित्र, वाराह अवतार, कपिल अवतार, शिव चरित्र पर प्रवचन होगा।

गुरु घासीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व विधायक

# बाबा ने समाज को सत्य, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया : डॉ. लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम दूधवार में महान संत, समाज सुधारक और सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव रहीं। अध्यक्षता पीसीसी सदस्य प्रभातराव मेघावाले ने की।

मुख्य अतिथि लक्ष्मी ध्रुव ने अपने संबोधन में गुरु घासीदास बाबा के जीवन, तपस्या और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा ने समाज को सत्य, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि बाबा का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज भी सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सम्मान की सबसे मजबूत नींव है। सतनाम का विचार केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन को सही दिशा देने वाला दर्शन है। आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने उस दौर में समाज सुधार का कार्य किया, जब छुआछूत, भेदभाव और अंधविश्वास जैसी कुरीतियां समाज में गहराई तक फैली थीं। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा परिवर्तन उपदेश से नहीं, बल्कि व्यवहार से आता है। बाबा का जीवन आज की पीढ़ी को सत्य, अहिंसा, परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। लक्ष्मी ध्रुव ने समाज को कमजोर करने वाली बुराइयों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, अच्छी शिक्षा और स्वस्थ जीवनशैली से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रभातराव मेघावाले ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान स्रोत थे। उन्होंने सरल जीवन, उच्च विचार और सत्य के मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा दी।

आगे कहा कि शिक्षा, स्वावलंबन, सामाजिक एकता और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही गांव और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि गुरु घासीदास बाबा की जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और संकल्प का अवसर है। ग्रामवासियों ने बाबा के आदर्शों पर चलने, समाज में समानता, प्रेम और सौहार्द्र बनाए रखने तथा विकास के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुरुद कॉलेज अव्वल



- जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टिकेश ने जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की महिला टीम ने अद्वितीय जज़्बे, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया।

इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा है कि यह जीत केवल एक प्रतियोगिता की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, परिश्रम और संकल्प की है। परखंदा ग्राम की ये बेटियां यह सिद्ध करती हैं कि गांव की मिट्टी में प्रतिभा, संस्कार और संघर्ष की अपार शक्ति समाहित होती है। सीमित संसाधनों के बावजूद जिस दृढ़ता और समर्पण से इन खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है, वह सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। परखंदा ग्राम को ऐसी होनहार बेटियों पर गर्व है। इस ऐतिहासिक सफलता ने कुरूद क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर उजागर किया है। यह उपलब्धि कुरूद की खेल-संस्कृति, युवा ऊर्जा और सामूहिक प्रयासों की सशक्त पहचान बनकर सामने आई है।

## मरार पटेल समाज के युवाओं ने संभाली नेतृत्व की कमान



- एकता-सेवा और संस्कारों के साथ युवा संगठन की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन सांकरा स्थित पटेल सामाजिक भवन में किया गया। बैठक की शुरुआत समाज की ईष्टी देवी मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सियाशरण पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, सचिव युवराज पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल सहित क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी व वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सांकरा क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खिलावन पटेल, सचिव पोखन पटेल व कोषाध्यक्ष बेदन पटेल द्वारा अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मरार पटेल समाज के युवाओं ने संगठित होकर समाजहित में एक प्रेरणादायक पहल की है। युवा संगठन शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सेवा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएगा। संगठन का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान, मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई।

समाज के वरिष्ठजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संगठित युवा शक्ति ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। बैठक में बड़ी संख्या में युवा एवं वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे, जिससे समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## सतनाम संदेश शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



- धर्मगुरु सौरभ साहेब ने दिया एकता और सदाचार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर क्षेत्रीय सतनामी समाज द्वारा सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ राजा बाड़ा दंतेश्वरी मंदिर नगरी से हुआ। शोभायात्रा में पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन, पंथी नृत्य, आकर्षक झांकियां, डीजे एवं आतिशबाजी के साथ पूरे नगर में उल्लास का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा जैतखाम स्थल पहुंची, जहां धर्मगुरु युवराज सौरभ साहेब ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की पूजा-अर्चना कर जैतखाम पर पालो चढ़ाया। इस अवसर पर धर्मगुरु ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा घासीदास के सत्य, अहिंसा और समानता के मार्ग पर चलना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए युवाओं से नशे और बुरी आदतों से दूर रहने की अपील की।

सतनामी समाज के अध्यक्ष विष्णु टंडन ने समाज को संगठित रहकर एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे, महामंत्री रूपेंद्र साहू, नरसिंह मरकाम, घनानंद सोनवानी, नंदा कश्यप, हिरऊ कोसरे, भगवान सिंह मनहरे, अनिरुद्ध सोनवानी, शिवनारायण लहरे, मुकेश कोसरे, वीरेंद्र कुमार मनहरे, इंदल चेलक, बहुल कोसरे, राधेश्याम, योगेंद्र भट्ट, हितेश सोनवानी, ओमप्रकाश चंदनिया, डोमार महेंद्र कोसरे, चैन सिंह गहने, हिरउ कोसरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समानता की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई



- जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस मनाया, अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस के महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

अपने संबोधन में तारिणी चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। मौके पर विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, शरद लोहाना, पंकज महावर, विजय देवांगन, कविता बाबर, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, अरविंद दोशी, डॉ. विजय प्रकाश जैन, दीपक सोनकर, राजा देवांगन, शास्त्री सोनवानी, मनोज साहू, आशीष थिटे, सूरज गहरवार, उदित नारायण साहू, तारिक रज़ा कादरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग

- डीएड प्रशिक्षित हो रहे हैं पदोन्नति से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पंकज अरोड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद, सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ संचालक एससीईआरटी छत्तीसगढ़ व संचालक, लोक शिक्षण संचानालय छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड के ब्रिज कोर्स हेतु प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में व्याख्याता पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है, इससे हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हुए हैं।



एसोसिएशन की मांग है कि प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) व पूर्व माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) में नियुक्त सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं, उन सभी के लिए एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स संधारण कर अनिवार्य 6 माह के बीएड ब्रिज कोर्स का प्रावधान बनाते हुए शासन स्तर से शीघ्र ब्रिज कोर्स प्रारम्भ किया जाए।

## सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ा

**इतवारी बाजार अपडेट**

### मुनगा 200, करेला 60, बरबटी 50, टमाटर 40 रुपये किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के सब्जी बाजारों में इन दिनों हरी और मौसमी सब्जियों के बढ़े हुए दाम ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। मनपसंद सब्जियां खरीदने पहुंचे ग्राहक कीमत सुनते ही हैरान नजर आए। महंगाई के चलते गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार मजबूरी में सस्ती सब्जियों तक ही सीमित हो रहे हैं।

सब्जी विक्रेता भंवरलाल पटेल ने बताया कि स्थानीय बाजार में सब्जियों की आवक कम हो गई है। जिले के बड़े फार्म हाउस और बड़े रकबे में खेती करने वाले किसान बेहतर दाम मिलने के कारण अपनी उपज हैदराबाद, कर्नाटक, ओडिशा जैसे राज्यों में भेज रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन पर्याप्त होने के बावजूद बाजार में सब्जियों की कमी महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाहर के राज्यों में अधिक कीमत मिलने से किसान वहीं माल भेजना ज्यादा लाभकारी समझ रहे हैं।

इधर शहर के प्रमुख इतवारी बाजार में रविवार को खरीदारों की भीड़ तो दिखाई दी, लेकिन ऊंचे दामों ने ग्राहकों को मायूस कर दिया। सब्जी विक्रेता सोनिया बाई पटेल के अनुसार रविवार को बाजार में सब्जियों के भाव कुछ इस प्रकार रहे।

भटा 30 रुपये, गाजर 30 रुपये, कुंदरू 50 रुपये, करेला 60 रुपये, बरबटी 50 रुपये, भिंडी 60 रुपये, गवारफली 60 रुपये, कद्दू 20 रुपये, टमाटर 40 रुपये, फूलगोभी 30 रुपये, मुनगा 200 रुपये, हरी मिर्च 80 रुपये, केला 30 रुपये, पत्तागोभी 30 रुपये, डोड़का 50 रुपये, कोचई 60 रुपये, हरा धनिया 200 रुपये, मूली 20 रुपये, परवल 50 रुपये,



कटहल 50 रुपये, सेमी 30 रुपये, गांठगोभी 30 रुपये और मटर 20 रुपये प्रति किलो बिकी।

ग्राहकों का कहना है कि रोजमर्रा की सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में आम लोगों पर महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है।

सब्जियों के साथ-साथ किराना सामान के दाम में भी तेजी देखी जा रही है। किराना व्यापारी विजय कोटवानी ने बताया कि इस सप्ताह आवश्यक खाद्य पदार्थों के भाव भी आम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। आलू 20 रुपये किलो, प्याज 30 रुपये किलो, शक्कर 43 रुपये किलो, गुड़ 55 रुपये किलो, खड़ी हल्दी 200 रुपये किलो, खड़ी मिर्च 180 रुपये किलो, धनिया 150 रुपये किलो, जीरा 260 रुपये किलो तथा काली मिर्च 800 रुपये किलो बिकी।

इसके अलावा लहसुन 150 रुपये किलो, रिफाइंड तेल पाउच 120 रुपये, सरसों 100 रुपये किलो, मेथी 100 रुपये किलो, अरहर दाल 130 रुपये किलो, मूंग दाल 100 रुपये किलो, उड़द दाल 90 रुपये किलो, मसूर दाल 80 रुपये किलो, काबुली चना 100 रुपये किलो, देसी चना 65 रुपये किलो, हरा मटर 100 रुपये किलो, सफेद मटर 60 रुपये किलो, चना दाल 85 रुपये किलो, पोहा 50 रुपये किलो और खड़ा मसूर 75 रुपये किलो के भाव पर बिका। वहीं इस सप्ताह अंडा 90 रुपये प्रति दर्जन तक पहुंच गया।

## सुशासन, लोकहित व राष्ट्र सेवा मानव जीवन का उद्देश्य हो : उपाध्याय

- भोथली में सुशासन दिवस मनाया गया, छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। मोनिका, डिंपल, टामिन द्वारा निबंध, गीत, नारा व कविता का वाचन किया गया। सुशासन दिवस पर रंगोली बनाई गई। प्राचार्य एलके उपाध्याय ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह देश के सच्चे माटी पुत्र थे। अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने श्री बाजपेयी को आदर्श, ईमानदारी व संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति कहा। व्याख्याता राकेश कुमार साहू ने उन्हें विशाल कवि हृदय की संज्ञा देते हुए उनके अनेक कविता व छंद का वाचन कर भाव विभोर कर दिया। व्याख्याता मंजूषा साहू व गणित दिवस पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं डिंपल, तेजस्वी, भाग्यश्री, गुलशन, एकता, द्रौपदी, भीमा, जिज्ञासा, क्षमता, तृप्ति, टामिन को मेडल प्रदान कर एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय स्टाफ रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, दीप्ति शुक्ला, स्वाति सोरी, दुर्गा साहू, महेंद्र साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, उमाकांत साहू, लखन्तीन ने भी विचार रखे।

## पचास मरीजों का हुआ उपचार, बांटे गए चश्मे और आईड्राप

- एनएसएस इकाई करेली बड़ी ने किया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड




शाउमावि करेली बड़ी की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर ग्राम बिलौदी में आयोजित है। इकाई द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र की जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय है कि 50 मरीजों की नेत्र जांच की गई जिसमें बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग भी शामिल थे। डॉ हरिशंकर साहू नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच कर 20 मरीजों को चश्मा एवं 35 मरीजों को आई ड्रॉप वितरण किया गया।

डॉ हरिशंकर साहू ने बताया छोटे बच्चों में अक्सर सिर दर्द की समस्या देखने को मिली। युवाओं में निकट दोष की समस्या सामने आई है। नेत्र की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने ग्रामीणों को सुझाव भी दिये। एनएसएस अधिकारी दुर्गा सिंह ने बताया यह शिविर का तृतीय दिवस है। द्वितीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में भूपेंद्र सोनी ने स्वयंसेवकों को धर्म अध्यात्म के संबंध में जानकारी दी। कहा कि अपने इतिहास को जानना बहुत जरूरी है। इतिहास से हम वर्तमान को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से नीलकुमार निषाद, नीलकमल निषाद, हिना साहू का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### कुल्हाड़ी में मड़ई मेला 3 को

**जीजामगांव।** ग्राम कुल्हाड़ी में इस वर्ष भी छेरछेरा पूर्णिमा पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में कका भतीजा सराईपाली कोमाखान जिला गरियाबंद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गांव के सरपंच प्रतिनिधि व प्रमुखजनों ने दी है।

### पीएम मोदी के मन की बात राजापारा के लोगों ने सुनी

**कांकेर।** नगर कांकेर में 28 दिसंबर को राजापारा में मनोज दुबे के निवास पर सुबह वार्डवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव की विशेष उपस्थिति में वार्ड वासी जितेंद्र प्रताप देव, धर्मेंद्र देव, मनोज दुबे, अभिषेक देव, समीर चौहान, नंदलाल यादव, भूपेंद्र यादव एवं वार्डवासी शामिल हुई।

### शराब सेवन करते पाए गए युवक पर कार्रवाई

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 दिसंबर को सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते हुए एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम महेश नेताम बताया गया है, जिसे शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के अपराध में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 36 (च) के तहत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन न करने की अपील की है।

### मानसगान महोत्सव में 2 से गूंजेगा रामनाम

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम अमोडा में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान महोत्सव 2026 का आयोजन 2 जनवरी से किया जाएगा। यह तीन दिवसीय धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव 4 जनवरी तक होगा। इस मानसगान में प्रदेश की कई मंडली मानसगान करेंगी। उक्ताशय जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सरजू राम मंडावी एवं धारणी साहू ने दिया।

### तमोड़ा मजियाल में शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम तमोड़ा मजियाल में न्यू स्टार कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर से हुआ, जो 30 दिसंबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की कबड्डी स्पर्धाएं शामिल होंगी। पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। महिला वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए एवं ट्रॉफी रखा गया है।

### सार्जनिक शराबखोरी युवक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त होते हुए कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेलाभाटा टिकरापारा में 27 दिसंबर की सायं 6 बजकर 40 मिनट पर राकेश कुमार मरकाम को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पाया गया। पुलिस की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्यवाही करने वाली टीम ने समझाईश दिया कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना कानूनन अपराध है और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### सार्वजनिक शराब सेवन दो युवकों पर कार्रवाई

**कांकेर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 27 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली कि नया बस स्टैंड के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ युवक शराब पी रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान मुकेश नेताम और हितेश नेताम के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### नशामुक्ति रैली में शामिल दूल्हों को हेलमेट भेंटकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

# तीन दिव्यांग जोड़ों की निकली बारात, थामा जीवनसाथी का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री धमतरी के तत्वावधान में तीन दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह हुआ। आमातालाब रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसे नशामुक्त समाज नशामुक्त धमतरी की थीम के साथ जोड़ा गया।

समारोह की शुरुआत शहर के घड़ी चौक से निकाली गई नशामुक्ति रैली से हुई, जिसे पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल तीनों दूल्हों को हेलमेट भेंट कर उन्होंने सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति का संदेश भी दिया। रैली घड़ी चौक से रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक होते हुए विवाह स्थल सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची, जहां बारात का पारंपरिक स्वागत किया गया।





इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ तीनों जोड़ों किशन यादव एवं ललिता यादव, पूरनदास साहू एवं चंद्रमुखी साहू तथा धीरेंद्र कुमार गजेंद्र एवं द्रौपदी निषाद का विवाह संपन्न कराया गया। समाजसेवी ऋतुराज पवार, नरेंद्र साहू और नीलेश सालुंके ने अलग-अलग जोड़ों का कन्यादान कर सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश की। विवाह कार्यक्रम के दौरान विधायक ओंकार साहू ने नवविवाहित जोड़ों सहित उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। पंडित रामेश्वर दुबे ने विवाह संस्कार संपन्न कराया। कार्यक्रम में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, टीआई राजेश मरई, यातायात प्रभारी खेमनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



एक्जेक्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनी ने बताया कि दिव्यांगजनों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संस्कार में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक भेदभाव को देखते हुए संस्था पिछले चार वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन कर रही है। अब तक कुल 18 दिव्यांग जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। 27 दिसंबर को हल्दी, मेहंदी और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि 28 दिसंबर को विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, आशुतोष खरे, अविनाश मारोठे, राकेश मौर्य सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए। आयोजन ने न केवल दिव्यांगजनों के जीवन में नई शुरुआत की, बल्कि समाज को समानता, सहयोग और नशामुक्ति का सशक्त संदेश भी दिया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का एयरपोर्ट में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व केंद्रीय मंत्री, अध्यक्ष अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग पार्लियामेंट्री कमेटी भारत सरकार व मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का रायपुर एयरपोर्ट में अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव पवन नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, सचिव एसपी ध्रुव एवं सामाजिक प्रमुख बलौदाबाजार मोरध्वज पैकरा, महासमुंद डीडी मांझी, आलोक वर्मा रायपुर, उपेंद्र ठाकुर द्वारा स्वागत किया गया। श्री कुलस्ते दो दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

# जम्मू में अर्जुन को मिला नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विकासखंड धमतरी के अर्जुन सिंह को वर्ष 2025 का नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में देशभर के श्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। अवार्ड जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद एवं लिव फॉर अदर हेल्पफुल फाउंडेशन के नेशनल डायरेक्टर विवेक परिहार द्वारा प्रदान किया गया।

अर्जुन सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई पूरी की और सामाजिक कार्य को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे जतन फाउंडेशन के संस्थापक हैं, जिसे माई भारत, यूनिसेफ और नेहरू युवा केंद्र द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अर्जुन वर्तमान में नशा मुक्ति, महावारी स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर कार्य कर रहे हैं।

# ब्लॉक मुख्यालयों में सरकार के खिलाफ बोलेंगे हल्ला

- कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का काम बंद कलम बंद आंदोलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फाउंडेशन के प्रांतीय निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारिय एवं अधिकारियों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर 29, 30 और 31 दिसंबर तक हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर का कहना है कि कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख वादों विशेषकर मोदी की गारंटी की तहत किए गए घोषणाओं, आश्वासनों को लागू करने में राज्य सरकार उदासीन रवैया अपना आ रही है। जिससे कर्मचारियों को भारी आक्रोश है। फेडरेशन की महासचिव अमित महोबे, एनआर टंडन, खुमान सिंग ठाकुर, संतोष दीवान, दयालुराम साहू, टीआर नागवंशी, राजकुमार सिन्हा ने बताया कि मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन सौंपकर उनकी घोषणा को याद दिलाया जा चुका है इसलिए सरकार के ढुलमुल रवैये और वादा खिलाफी के खिलाफ प्रदेश सहित धमतरी जिले के सभी कर्मचारी अधिकारी तीन दिवसीय आंदोलन में शामिल रहेंगे। सभी कर्मचारी अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालय में अपनी जायज मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

# साहिबजादों का बलिदान बच्चों को साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की देता है प्रेरणा : रंजना

- तेलीनसत्ती में मनाया गया वीर बाल दिवस, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम तेलीनसत्ती स्थित सिन्हा कलार समाज भवन में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के इतिहास में अद्वितीय साहस और बलिदान की मिसाल पेश करने वाले गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूतों साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादे फतेह सिंह की अमर शहादत को स्मरण करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू रहीं। अपने उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादे फतेह सिंह की शहादत केवल सिक्ख इतिहास ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए प्रेरणा का स्रोत है, इतनी कम उम्र में भी उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने के बजाय सत्य और धर्म का मार्ग चुना।

साहिबज़ादों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि धर्म, संस्कृति और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ संकल्प सबसे बड़ा हथियार होता है। उनका जीवन आज के बच्चों और युवाओं को सच्चाई, निडरता और देशभक्ति के संस्कार देता है। आगे कहा कि वीर बाल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों के चरित्र निर्माण का अवसर है। हमें अपने बच्चों को वीरता, नैतिकता और देश के प्रति समर्पण की कहानियां बतानी चाहिए, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में रांवा मण्डल महामंत्री राकेश सिन्हा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। बच्चों ने देशभक्ति से जुड़े गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# दोनर में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने ग्राम दोनर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गांव के नन्हे बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास की आधारशिला होते हैं। नए भवन के निर्माण से बच्चों को अब सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण मिलेगा, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और शिक्षित बचपन ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव है।

विधायक श्री साहू ने बताया कि इस आंगनबाड़ी भवन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का बेहतर लाभ मिलेगा। मौके पर जनपद सदस्य हरनारायण साहू, हरीश चंद्राकर, तुकेश साहू, खिलेश बाई नागरची, आवेंद्र देशलहरे, बुधराम सोनकर, हलधर चन्द्राकर, चित्रसेन तारक, ललित तारक, हेमलता साहू, हेमलता देशलहरे, खेमिन बंजारे, कालिंदी ध्रुव, नंदनी साहू, गजेन्द्र तारक सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस को ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद ने उत्साह से मनाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का गांधी चौक में माल्यार्पण व पूजा अर्चना की।

तत्पश्चात स्थानीय कांग्रेस भवन में विचार संगोष्ठी कर कांग्रेस के संस्थापक एओ ह्यूम, ब्योमकेश चन्द्र बनर्जी, दादा भाई नौरोजी, दिनशा वाचा, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपतराय, विपिन चन्द्र पाल, गोपाल कृष्ण गोखले, फिरोज शाह मेहता, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, डा. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, लालबहादुर शास्त्री, सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सहित अनेक महापुरुषों को नमन करते हुए कांग्रेस में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेसयों ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना देश की आजादी के लिए हुई थी। स्वतंत्रता पश्चात सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के तौर स्थापित हुई। कांग्रेस ने लम्बे समय तक देश का नेतृत्व करते हुए देश की स्थिति को मजबूत बनाने, विश्व पटल पर स्थापित करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक क्षेत्र, विकास, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समरसता, भाईचारा लाने में सफल हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, प्रह्लाद चंद्राकर, रमेश्वर साहू, रवि शर्मा, राघवेन्द्र सोनी, रोशन जांगड़े, मनोज अग्रवाल, रामचन्द्र रतलानी, पप्पू राजपूत, लव चन्द्राकर, शत्रुघन साहू, दिवाकर चन्द्राकर, संतोष प्रजापति उपस्थित थे।

# बालगृह के दो बालकों को मिला राज्यस्तरीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बालगृह बालक प्रतिज्ञा विकास संस्थान में निवासरत दो बालक बालक हरेंद्र नुरेटी और भावेश पटेल को वीर बाल दिवस पर रायपुर में राज्यस्तरीय सम्मान मिला है। बाल गृह में दोनों के कार्यों की सराहना की गई। बाल गृह में सभी बालकों को प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया गया। संस्था में बच्चों के लिए स्लोगन राइटिंग कंपिटिशन, ग्रुप डिस्कशन, पियर लर्निंग सर्कल तथा भाषण, पेंटिंग, पोस्टर, क्रिएटिव राइटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बाल गृह के संचालक विजय मिश्रा, अधीक्षक अभिषेक साहू, लोकेश सिंह ठाकुर, धनंजय साहू, धनेश्वर तिर्की उपस्थित थे।

### कर्णेश्वर मेला महोत्सव में शामिल होने दिया आमंत्रण

# ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कर्णेश्वर मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट की। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री को मेला महोत्सव में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी के उद्गम स्थल सिहावा क्षेत्र के देऊरपारा में स्थित ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में प्रतिवर्ष मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह मेला आगामी 1 फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होगा। कर्णेश्वर धाम, ग्यारहवीं शताब्दी में राजा कर्ण द्वारा निर्मित पांच प्राचीन मंदिरों का अद्भुत समूह है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।





ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस पांच दिवसीय मेला महोत्सव में हजारों श्रद्धालु एवं देवी-देवता शाही स्नान में सम्मिलित होते हैं। वहीं दूसरे दिन फूल मड़ई के अवसर पर अंचल सहित उड़ीसा एवं बस्तर क्षेत्र से देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा एवं परिक्रमा संपन्न होती है।

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस ने मुख्यमंत्री श्री साय से कर्णेश्वर धाम के समग्र विकास से जुड़े आवश्यक कार्यों पर चर्चा करते हुए मेला महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया। साथ ही 5 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के लिए कथावाचक गिरि बापू के मुखारविंद से होने वाले आयोजन का भी आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर मुकेश बाबा द्वारा मुख्यमंत्री को विधिवत निमंत्रण पत्र एवं नारियल भेंट किया गया। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल में जिला पंचायत सदस्य टीआर कंवर, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, ट्रस्टी कमल डागा, रोहित साहू, नारायण दास वैष्णव एवं कुलेश साहू उपस्थित थे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020